अमर उजाला 13/02/2026

एआई तकनीक के उपयोग की दी जानकारी

अंबाला सिटी। जीएमएन कॉलेज की ओर से देव समाज कॉलेज फॉर गर्ल्स में एआई कैपेसिटी बिल्डिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन जीएमएन कॉलेज के कंप्यूटर एप्लीकेशन एवं मैनेजमेंट विभाग के विशेषज्ञ स्टाफ सदस्यों ने किया। सत्र के दौरान वक्ताओं ने एआई तकनीक के विभिन्न क्षेत्रों में बढ़ते उपयोग और भविष्य में इसके व्यापक प्रभाव पर चर्चा की। देव समाज कॉलेज फॉर गर्ल्स की प्राचार्या मुक्ता अरोड़ा ने अतिथियों का आभार जताया। जीएमएन कॉलेज प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने कहा कि एआई आज के युग की सबसे प्रभावशाली तकनीक बन चुकी है। संवाद